CERTYFIKAT JĘZYKOWY UNIWERSYTETU WARSZAWSKIEGO

EGZAMIN Z JĘZYKA HINDI NA POZIOMIE A2

TEST PRZYKŁADOWY

Za cały egzamin możesz uzyskać 90 punktów

EGZAMIN A2 TRWA 100 MINUT

☞ **Do wszystkich części egzaminu dołączone są instrukcje. Przeczytaj je uważnie zanim przystąpisz do rozwiązywania zadań testowych**.

INSTRUKCJA TESTOWA

Otrzymałaś/-eś książeczkę testową oraz kartę odpowiedzi.

ROZWIĄZUJ TESTY 1, 2, 3.1., 3.2., (PYTANIA 1 - 38) NA KARCIE ODPOWIEDZI W NASTĘPUJĄCY SPOSÓB:

- Do każdego pytania podane są dwie lub trzy odpowiedzi do wyboru, oznaczone literami a ,b, c.
- Wybieraj za każdym razem jedną prawidłową odpowiedź.
- Możesz wykorzystywać książeczkę testową do zaznaczania odpowiedzi „na brudno".
- Na kartę odpowiedzi nanieś **ostateczną wersję**, zaznaczając **DOKŁADNIE** wybraną przez siebie literę.

ROZWIĄZUJ TEST 4 NA KARCIE ODPOWIEDZI W NASTĘPUJĄCY SPOSÓB:

- Test 4 możesz napisać „na brudno" na odwrocie stron książeczki testowej.
- Napisz test 4 na karcie odpowiedzi w oznaczonym miejscu.
- Pisz wyraźnie! Nieczytelne pismo nie będzie brane pod uwagę!

EGZAMIN CERTYFIKACYJNY Z JĘZYKA HINDI NA POZIOMIE A2

Test 1: Rozumienie ze słuchu (16 pkt.)

1.1 pytania 1 –5 (10 pkt.)

Usłyszysz teraz dwukrotnie 5 krótkich wypowiedzi i odpowiesz na 5 pytań. Przed ich wysłuchaniem zapoznaj się z tymi pytaniami. Do każdego pytania wybierz jedną z trzech podanych możliwości oznaczonych A, B lub C. Zaznacz na karcie odpowiedzi odpowiednią literę obok właściwego numeru pytania.

1. इस तरह का संवाद् आप सुन सकते हैं:

A. स्कूल में

B. रेस्तराँ में

C. बाज़ार में

2. आदमी को कौनसा कमरा चाहिए?

A. छोटा-सा कमरा पंखे के साथ

B. दो आदमियों के लिए पंखे के बिना

C. एक बड़ा कमरा पंखे के साथ

3. यह बात किस जगह में हो रही है?

A. हवाई जहाज़ में

B. बस अड्डे में

C. हवाई अड्डे में

4. दोस्त को किसके लिए समय चाहिए?

A. ख़रीदारी के लिए

B. सिनेमा के लिए

C. पढ़ाई के लिए

5. लड़की गाजर क्यों लेना नहीं चाहती?

A. यह ज़्यादा सस्ता है।

B. यह ज़्यादा महँगा है।

C. यह ज़्यादा ताज़ा नहीं है।

1.2 pytania 6 – 8 (6 pkt.)

Usłyszysz teraz dwukrotnie krótki monolog. Poniżej znajdziesz 3 stwierdzenia/ zdania dotyczące jego treści. Przed wysłuchaniem rozmowy zapoznaj się z tymi zdaniami. Następnie zdecyduj, które z nich jest prawdziwe (A), a które fałszywe (B) i zaznacz na karcie odpowiedzi odpowiednią literę obok właściwego numeru pytania.

6. महेश बहुत आलसी लड़का है।

7. महेश कोई गलतियाँ कभी नहीं करता।

8. वह दिल का सच्चा है।

Test 2: **Rozumienie tekstu pisanego** (20 pkt)

2.1 pytania 9 - 13 (10 pkt.)
Przeczytaj uważnie poniższy tekst, a następnie odpowiedz na pytania, wybierając właściwą odpowiedź spośród trzech podanych możliwości. Tylko jedna odpowiedź jest właściwa. Swój wybór zaznacz na karcie odpowiedzi.

बात उस समय की है जब मेरी सहेली अपने पति और तीन बच्चों के साथ भुवनेश्वर स्टेशन पर नीलाँचल एक्सप्रेस का इंतज़ार कर रही थी। आरक्षण न होने से वे थोड़े परेशान थे। तभी एक लड़का हाथ में सूटकेस लिए उनके पास आकर खड़ा हो गया और उसने अपनी तरफ़ से बातों का सिलसिला शुरू कर दिया। बातों ही बातों में पता चला कि वह भी जमशेदपुर तक जानेवाला है और उसका भी आरक्षण नहीं हुआ है। फिर उसने मेरी सहेली से कहा, 'मैं आरक्षण के लिए जा रहा हूँ, कहिए तो आपका भी साथ में करा लाऊँ। मेरा सूटकेस यहीं रखा है, इसका ध्यान रखिएगा'। सहेली ने तुरंत एक हज़ार रुपए का नोट उसे दे दिया। वह बहुत खुश थी कि यह लड़का मदद देने को तैयार है। तीनों बच्चों के साथ जाने की जगह वह उस लड़के के द्वारा सब कुछ करा पाएगी। उस लड़के का सूटकेस प्लेटफ़ार्म पर उनके पास तो पड़ा था।

ट्रेन आ गई पर उस व्यक्ति का कोई पता नहीं था। थोड़ी देर तक मेरी सहेली इंतज़ार करती रही। अंत में स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी गई और उनकी उपस्थिति में सूटकेस का ताला तोड़ा गया। उसके अंदर ईंट और पत्थर के टुकड़े मिले। तब मेरी सहेली की समझ में आ गया कि वे लुट गए। बच्चे रोने लगे और सहेली के पति ने पुलिस को बुलाया। नीलाँचल एक्सप्रेस चल पड़ी उनके बिना। सब लोग उस लड़के को ढूँढ़ने लगे पर वह कहीं नहीं मिला।

9. यह बात भुवनेश्वर की किस जगह में हुई?
A. नीलाँचल एक्सप्रेस में
B. स्टेशन के प्लेटफ़ार्म पर
C. वहाँ के आरक्षण-कक्ष के सामने

10. परेशान होने का क्या कारण था?
A. आरक्षण नहीं मिला
B. आरक्षण मिल गया
C. लड़के का आरक्षण हुआ

11. लड़के ने सहेली के पास क्या रख दिया?
A. आरक्षण
B. सूटकेस
C. टिकट

12. किसकी उपस्थिति में सूटकेस का ताला तोड़ा गया?
A. सहेली के पति के यहाँ
B. सूटकेस के मालिक के यहाँ
C. स्टेशन मास्टर की उपस्थिति में

13. सूटकेस के अंदर क्या मिल गया?
A. पैसे
B. नोट
C. पत्थर

2.2. pytania 14 – 18 (10 pkt.)

Przeczytaj uważnie poniższy list, a następnie odpowiedz na pytania. Zdecyduj, które z nich jest prawdziwe (A), a które fałszywe (B) i zaznacz na karcie odpowiedzi odpowiednią literę obok właściwego numeru pytania.

प्रिय एवा,

नमस्ते!

आपके सभी दोस्तों को भी मेरा नमस्कार। आपके भेजे गए पत्र और नववर्ष की शुभकामनाएँ दोनों मुझे प्राप्त हुई हैं। पत्र पाकर मुझे बहुत ही खुशी हुई कि आप मुझे भूली नहीं। मुझे काफ़ी दिनों तक बेसब्री से पत्र का इंतज़ार था।

जब आपका पत्र वह भी हिंदी में मुझे प्राप्त हुआ तो मैं इतना आश्चर्यचकित हुआ कि आपकी हिंदी तो शायद् मेरी हिंदी से भी अच्छी है। मैंने तो सोचा न था कि आप हिंदी इतनी अच्छी लिख भी लेती हैं।

आप वारसा में अभी क्या पढ़ाई कर रही हैं और साथ साथ क्या कर रही हैं विस्तार से पत्र में लिखिएगा। आप भारत कब आ रही हैं मुझे उस समय का बेसब्री से इंतज़ार रहेगा। आप जब कभी भी भारत आएँ जबलपुर ज़रूर आइएगा। पिछली यात्रा में तो आप सीधे ही वाराणसी निकल गई थीं। अबकी बार ज़रूर आइएगा।

जबलपुर के बारे में आपको बता दूँ कि यह भारत के मध्य प्रदेश के पाँच बड़े नगरों में से एक है और नर्मदा (एक पवित्र नदी) के किनारे बसा हुआ है। इसकी स्थिति भारत के ठीक बीचोंबीच है। नर्मदा नदी के किनारे कई पवित्र घाट भी हैं। इसके अलावा यह नगर महार्षि महेश योगी की जन्मभूमि भी है यानी इनका जन्म यहीं हुआ था। आप जब भी भारत आएँ तो मुझे पत्र द्वारा ज़रूर सूचित कर दीजिएगा। आप सीधे मेरे दफ़्तर पहुँच जाइएगा। दफ़्तर का पता वही है जिसपर आप पत्र लिखती हैं। पत्र मिलते ही इसका जवाब ज़रूर दीजिएगा। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि आप मेरी एक बहुत ही अच्छी दोस्त हैं। भारत में दोस्ती और दोस्त का महत्त्व सब से ऊँचा होता है। शेष अगले पत्र में।

आपका ही दोस्त

रमेश

14. यह पत्र एक भारतीय लड़के ने पोलिश लड़की को लिखा।

15. लड़के ने लिखा कि एवा की हिंदी इतनी अच्छी तो नहीं है।

16. रमेश वाराणसी का रहनेवाला है और जबलपुर में पढ़ता है।

17. जबलपुर भारत के ठीक बीच में बसा है और एक पवित्र नदी के किनारे।

18. एवा को रमेश के दफ़्तर का पता मालूम है।

Test 3: Użycie języka (30 pkt.)

3.1 pytania 19 - 28 (10 pkt.)

Przeczytaj uważnie poniższe zdania, a następnie uzupełnij brakujące miejsca wybierając za każdym razem jedną z trzech możliwości (A, B, C) podanych pod zdaniami. Tylko jedna odpowiedź jest właściwa. Na karcie odpowiedzi zaznacz literę odpowiadającą wybranej przez ciebie możliwości obok właściwego numeru pytania.

19. हमको हिंदी ……………… चाहिए।

A. पढ़ना

B. पढ़नी

C. पढ़ने

20. राजा ने इस पर्वत में बहुत बड़ा महल ………………।

A. बना

B. बनाया

C. बनवाया

21. मेरे दोस्त को भारत जल्दी जाने ……………… आशा है।

A. का

B. की

C. को

22. मैं चाहती हूँ कि मेरा बेटा मशहूर डाक्टर ………………।

A. बने

B. बन

C. बनो

23. मैंने बहुत कोशिश .... लेकिन यह काम पूरा नहीं कर पाया।

A. किया

B. करके

C. की

24. उसको देखते .... वह इस कमरे के बाहर एकदम निकल गई।

A. ही

B. है

C. हो

25. आज मैं बहुत व्यस्त हूँ इसलिए यह काम नहीं .... सकूँगा।

A. दे

B. कर

C. आ

26. इस रेस्तराँ में बहुत अच्छा खाना .... जा सकता है।

A. खाया

B. खा

C. खाए

27. बीमार होने के कारण आज मुझे घर में ....।

A. रहता है

B. रहेगा

C. रहना पड़ेगा

28. हम भारत में सफ़र करने का कार्यक्रम बना रहे हैं। हम दिल्ली से आगरा .... जयपुर जाएँगे।

A. रहकर

B. होकर

C. रुककर

3.2 pytania 29 – 38 (20 pkt.)

Przeczytaj poniższe zdania oraz trzy odpowiedzi do nich. Wybierz tę, która jest najbardziej odpowiednia (najbardziej stosowna do sytuacji). Na karcie odpowiedzi zaznacz literę odpowiadającą wybranej przez ciebie możliwości obok właściwego numeru pytania.

29. – मैं हिंदी फ़िल्में देखना पसंद करता हूँ।

– ………………।

A. मैं हूँ

B. मैं ही

C. मैं भी

30. – आप दिल्ली में कितने दिन तक रहेंगे?

– ………………।

A. सारे दिन

B. सिर्फ़ कई दिन

C. प्रतिदिन

31. – तुम्हारा भाई कितने साल का है?

– ………………।

A. वह इक्कीस साल का है

B. इस साल में बहुत काम है

C. साल में भाई स्कूल जाता है

32. – आपको क्या चाहिए?

– ………………।

A. कुछ नहीं

B. कोई नहीं

C. कभी नहीं

33. – आज मौसम बहुत अच्छा है।

– ………………।

A. जी हाँ, आज बुधवार है

B. जी हाँ, यह सच है

C. जी हाँ, देर हो रही है

34. – ज़ोर से चिल्लाने के लिए माफ़ करना।

– ………………।

A. कोई काम है

B. कोई आया नहीं

C. कोई बात नहीं

35. मेरे पेट में दर्द हो रहा है। ………………।

A. मेरी हालत ठीक है

B. मेरी तबीयत ठीक नहीं है

C. सब कुछ ठीक-ठाक है

36. मैं बहुत खुश हूँ कि आपने मुझे मदद दी है। ………………।

A. धन्यवाद

B. फिर मिलेंगे

C. नमस्ते

37. इस कपड़े का दाम अच्छा नहीं है। मैं इतना पैसा नहीं दूँगा। ………………।

A. यह बहुत सस्ता है

B. यह ज़्यादा महँगा है

C. यह इतना महँगा नहीं

38. यहाँ बहुत मीठी चाय मिलती है।………………।

A. यह ख़राब चाय है

B. यह चाय नहीं है

C. यह बढ़िया चाय है

Test 4: **pisanie** (24 pkt.)

Napisz tekst w formie pocztówki z Indii (30-50 wyrazów) na karcie odpowiedzi w oznaczonym miejscu.

TEKSTY DLA LEKTORÓW

ZADANIE 1.1.

1. W Restauracji

Kelner – आइए, बैठिए। क्या पानी लाऊँ?

Klient – नहीं, पानी नहीं चाहिए। दो चाय लाओ। इस समय खाने के लिए क्या मिलेगा?

Kelner – मेम, सब कुछ मिलेगा। आलू मटर और शाही पनीर बहुत मज़े का है।

Klient – अच्छा, तो मैं शाही पनीर लूँगी और इसके साथ दो चपातियाँ।

2. W hotelu

Recepcjonista – मेघ निवास होटल। आपको कैसा कमरा चाहिए?

Klient – मुझे एक बड़ा कमरा चाहिए।

Recepcjonista – कितने लोगों के लिए?

Klient – बस, दो व्यक्तियों के लिए। कमरे में पंखा ज़रूरी है।

Recepcjonista – जी हाँ, कमरे में पंखा ज़रूर मिल जाएगा।

3. Na lotnisku

उड़ान संख्या 608 के यात्रियो! एयर इंडिया आपका हार्दिक स्वागत कर रहा है।

4. Rozmowa kolegów

Kolega 1 – क्या आज सिनेमा के लिए तुम्हारे पास समय है?

Kolega 2 – नहीं यार, शायद कल स्कूल के बाद, आज नहीं।

5. Na zakupach

Klient – गाजर का दाम क्या है?

Sprzedawca – बीस रुपए किलो।

Klient – मैं दूसरी दुकान जा रही हूँ। यह तो बहुत महँगा गाजर है।

Sprzedawca – रुकिए, मैं आपको और सस्ता दूँगा।

TEKSTY DLA LEKTORÓW

ZADANIE 1.2.

List nauczyciela na temat ucznia Maheśa

नमस्कार शर्मा जी। आप महेश के बारे में जानना चाहते हैं तो मैं आपको बताता हूँ। महेश यहाँ ठीक-ठाक है। अपना काम ठीक-ठाक कर रहा है। बहुत अच्छा लड़का है। कभी झूठ नहीं बोलता। हमेशा सच बोलता है। आपका बेटा तो झूठमूठ कहता है कि वह आलसी है, ठीक से काम नहीं करता। वह बहुत मेहनती है। उसका काम सचमुच बहुत अच्छा है। सचाई यह है कि वह बहुत होशियार है। कुछ गलतियाँ भी करता है। लेकिन दिल का सच्चा है। झूठा आदमी नहीं है। झूठी बातें नहीं करता। बात यह है कि उसके साथ सब बच्चे खेलना ही चाहते हैं।

KLUCZ ODPOWIEDZI

1. B
2. C
3. A
4. B
5. B
6. B
7. B
8. A
9. B
10. A
11. B
12. C
13. C
14. A
15. B
16. B
17. A
18. A
19. B
20. C
21. B
22. A
23. C
24. A
25. B
26. A
27. C
28. B
29. C
30. B
31. A
32. A
33. B
34. C
35. B
36. A
37. B
38. C